ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 18-06-2021

नैनीताल(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2021-06-18 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2021-06-19	2021-06-20	2021-06-21	2021-06-22	2021-06-23
वर्षा (मिमी)	60.0	50.0	20.0	15.0	10.0
अधिकतम तापमान(से.)	18.0	17.0	17.0	17.0	18.0
न्यूनतम तापमान(से.)	12.0	11.0	11.0	12.0	12.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	95	95	90	85	75
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	65	65	60	60	55
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	6.0	6.0	6.0	6.0	6.0
पवन दिशा (डिग्री)	130	110	130	130	310
क्लाउड कवर (ओक्टा)	7	7	5	4	3

मौसम सारांश / चेतावनी:

आगामी पांच दिनों में हल्की से मध्यम वर्षा की सम्भावना है। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमश: 17.0 से 18.0 व 11.0 से 12.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 6.0 किमी/घंटे की गति से पूर्व-दक्षिण-पूर्व दिशा से चलने का अनुमान है। चेतावनीः 18 से 20 जून को कहीं-कहीं भारी वर्षा, गरज-चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने व तीव्र बौछार होने की भी सम्भावना है। ईआरएफएस के अनुसार, 23 से 29 जून के दौरान राज्य में वर्षा, न्यूनतम एवम् अधिकतम तापमान सामान्य से कम रहने का अनुमान हैं।

सामान्य सलाहकार:

कोरोना (कोविड-19) की दूसरी लहर व इसके गंभीर फैलाव को देखते हुए किसानों को सलाह है कि तैयार फसलों की कटाई तथा अन्य कृषि कार्यो के दौरान भारत सरकार द्वारा दिये गये दिशा निर्देशो जैसे व्यक्तिगत सुरक्षा, मास्क का उपयोग, साबुन से उचित अन्तराल पर हाथ धोना तथा एक दूसरे से सामाजिक दूरी बनाये रखने पर

विशेष ध्यान दें| भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त एनडीवीआई व एसपीआई मानचित्रों ने संकेत दिया कि नैनीताल जिले के लिए एनडीवीआई 0.2-0.4 के बीच है, यानी जिले में कृषि स्थिति मध्यम है तथा एसपीआई मानचित्र पिछले 4 हफ्तों से नैनीताल जिले में अधिक नमी की स्थिति दर्शाता है।

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी पांच दिनों में हल्की से मध्यम वर्षा की सम्भावना है। आगामी दिनों में वर्षा की सम्भावना को ध्यान में रखते हुए अभी रसायनों का छिड़काव न करें।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
चावल	ऊंचे पर्वतीय क्षेत्रों में धान की रोपाई जारी रखें। खेत की मेढबन्दी मजबूतबू करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
शिमला मिर्च	मध्यम व ऊंचे पर्वतीय क्षेत्रो मे पॉलीहाउस मे शिमलामिर्च का रोपण करें।
गोभी	मध्यम ऊंचे पर्वतीय क्षेत्रो में फूल गोभी की अल्प अवधि में तैयार होने वाली किस्मों का चयन कर पौधशाला में बीज की बुवाई करें। बुवाई मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
भैंस	1)मानसून की पहली बारिश में पशुओं कों न भीगने दें ताकि उन्हें त्वचा सम्बन्धित विकार न उत्पन्न हो। 2) पहली बारिश के बाद पशुओं को चरागाहों में चरने हेतु न छोड़े क्योंकि पहली बारिश के समय पानी की बूंदो के जमीन पर गिरने से धूल व मिट्टी छिटककर घास की पत्तियों पर पड़ जाती है जो पशुओं के पेट पर जाने से दर्द अथवा अन्य संक्रमण का कारण बन जाता है।

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह:

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी)	अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह
बारिश के पानी का संग्रहण	आगामी दिनों में वर्षा की सम्भावना को देखते हुए, जल संरक्षण की व्यवस्था करें।
भूमि की तैयारी	नये बगीचे लगाने हेतु तैयारी करें।